आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 20 | इंदौर, शुक्रवार 01 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मध्यप्रदेश के तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला

### वरुण कपूर बने जेल डीजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्य शासन ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। गुरुवार को जारी आदेश के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारी वरुण कपूर को जेल महानिदेशक (डीजी जेल) की जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में, आईपीएस मोहम्मद शाहिद अबसार की सेवाएं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भोपाल से वापस लेते हुए उनको अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ADG), चयन एवं भर्ती, पुलिस प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (PTRI) के साथ-साथ संचालक, पुलिस अकादमी भौंरी का कार्यभार सौंपा गया है। वहीं, मोहम्मद यूसुफ कुरैशी को पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) सायबर सेल, पुलिस मुख्यालय को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) में उप पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है।

## इंदौर में होगा ऑन डिमांड कचरा कलेक्शन

### नगर निगम ने तैयार किया क्विक साफ मोबाइल ऐप, 5 अगस्त को हो सकता है लॉन्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के अलावा अब एक और सुविधा मिलने जा रही है। इस सुविधा में लोग अपने मोबाइल में एक एप्लिकेशन से घर, संस्थान में गाड़ी बुलाकर कचरा दे सकते हैं। इस ऐप में साफ-सफाई का भी ऑप्शन मिलेगा। उम्मीद की जा रही है कि 5 अगस्त को इस ऐप को लॉन्च किया जा सकता है। ये एप्लिकेशन एंड्राइड और आईओएस दोनों के लिए रहेगी। जिस प्रकार आप फूड डिलीवरी ऐप का इस्तेमाल करते हैं। वैसे ही ये ऐप भी काम करेगी। फूड डिलीवरी ऐप पर जिस प्रकार फूड को सिलेक्ट करते हैं उसके बाद ऑर्डर देते हैं। ऑर्डर होने के बाद फूड आपके घर या संस्थान तक पहुंचाया जाता है। उसी प्रकार इस ऐप के माध्यम से आप अपने घर या संस्थान से निकलने वाले कचरे (रोजाना के अलावा) कलेक्शन के लिए गाड़ियां बुला सकते हैं। बड़े संस्थान और बड़े इवेंट के लिए साफ-सफाई का भी ऑप्शन मिलेगा। हालांकि, इसके लिए नगर निगम द्वारा चार्ज लिया जाएगा, लेकिन कितना चार्ज लिया जाएगा ये फिलहाल तय नहीं हुआ हैं। स्वच्छ भारत मिशन द्वारा तैयार की गई इस ऐप को 'क्विक साफ' (Quick Saaf) नाम दिया है। इंदौर में लोगों के घरों में डोर-टू-डोर कचरा गाड़ी रोजाना आती हैं, जिसमें लोग गिला और सूखा कचरा अलग-अलग डालते हैं। मगर इस ऐप का इस्तेमाल से लोग अपने घरों और संस्थानों में निकलने वाले एक्स्ट्रा कचरे को देने के लिए गाड़ी बुक कर सकते हैं।

## सीएम बोले-जो आवश्यक नहीं, वह बाधा है, उसे हटाइए

# दिल्ली में कहा-व्यवसाय में बाधक 42 कानून को खत्म कर एमपी में निवेशकों को राहत दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में बीएसएल ग्लोबल आउटरीज समिट में भाग लिया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि राज्य सरकार टेक्सटाइल उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि देश में सकारात्मक बदलाव केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्पों और नवाचार से आता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश वैश्विक मंच पर तेजी से अग्रसर हो रहा है।**

### ◆ निर्माता और उद्योगपति एक मंच पर आए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उत्पादकों और खरीदारों को एक ही स्थान पर लाकर यह सम्मेलन एक अभिनव मंच बन गया है। यदि नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के बीच संवाद में कमी से विकास अवरुद्ध होता है। 1947 में भारत 15वें स्थान पर था और 2014 में 11वें पर, लेकिन आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। डिजिटलाइजेशन, नवाचार और व्यापार सुगमता के लिए उठाए गए कदमों से भारत अब निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है।

### ◆ सीएम ने कहा-

हमारी सरकार ने व्यवसाय में बाधक रहे 42 अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त कर निवेशकों को राहत दी है। औद्योगिक प्रक्रियाओं में लगने वाली मंजूरियां घटाकर केवल 10 कर दी गई है।



### ◆ उद्योगों में काम करने वाली महिलाओं को 10 साल तक हर महीने 6 हजार देंगे

सीएम ने कहा-"जो आवश्यक नहीं, वह बाधा है, उसे हटाइए। पहले दिन से बिजली बिल लागू होने की व्यवस्था बदली गई। अब उत्पादन शुरू होने के दिन से ही बिल लिया जाएगा। किसी उद्योग में यदि महिला श्रमिक कार्यरत हैं तो प्रति महिला 6000/माह प्रोत्साहन राशि 10 वर्षों तक राज्य सरकार वहन करेगी। मध्यप्रदेश सरकार की नीति के अनुसार, रोजगार-सृजन करने वाले उद्योगों को अतिरिक्त सब्सिडी और लाभ दिए जा रहे हैं। हर सक्षम नागरिक को उत्पादनशील कार्यों से जुड़ना चाहिए, जिससे भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में और बल मिले। माइनिंग, हेल्थ, टेक्सटाइल जैसे सभी क्षेत्रों में राज्य सरकार ने खुली नीतियां अपनाई हैं और प्रोत्साहन की व्यवस्था सुनिश्चित की है।

### ◆ टेक्सटाइल सेक्टर को दे रहे बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में कपास उत्पादन गुणवत्तापूर्ण है। जिससे धागा बनाने और वस्त्र निर्माण सहित खरीददार और निर्माताओं को एक मंच पर लाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा उत्पादन को बढ़ाने वाली और प्रोत्साहित करने वाली नीतियां बनाई गई हैं। निर्माण इकाइयों को भी पूरा प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

### ◆ युवाओं को प्रोत्साहित करने पर फोकस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने लोक कल्याणकारी नीतियां लागू की हैं। युवाओं को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। युवाओं की रोजगार की जरूरत उद्योगों से पूरी होगी, जिससे राज्य का भी समग्र विकास होगा।

### ◆ उद्यमी सम्मेलन का महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित उद्यमी सम्मेलन महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इस सम्मेलन में वालमार्ट सहित अनेक बड़े उद्यमी पहुंचे और सम्मेलन में शामिल हुए। यह आयोजन राज्य के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा।

# 50 करोड़ रुपये से विकसित होंगे गार्डन

### ◆ शहर के हर कोने में खिलेगी हरियाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण ने शहर को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण दो दर्जन नए गार्डनों को विकसित करने जा रहा है, जिस पर लगभग 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बीते साल भी हरियाली महोत्सव और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों के तहत ग्रीन बेल्ट और गार्डनों में हजारों पौधे लगाए गए थे, जो अब बड़े होकर हरे-भरे पेड़ों में तब्दील हो चुके हैं।**



आईडीए ने योजना क्रमांक 78 में मियावाकी पद्धति से गार्डन विकसित किया है। यह इसकी एक सफल मिसाल है। प्राधिकरण केवल पौधारोपण ही नहीं करता, बल्कि रख-रखाव के लिए भी ठेका देता है, जिससे पौधों का जीवित रहना सुनिश्चित होता है।

प्राधिकरण के सीईओ आरपी अहिरवार के अनुसार, प्राधिकरण ने वर्षों पहले रिंग रोड पर जो चौड़े ग्रीन बेल्ट विकसित किए थे, वह आज भी हरे-भरे हैं, हालांकि मेट्रो प्रोजेक्ट और फ्लाईओवर निर्माण के कारण कुछ स्थानों पर ग्रीन बेल्ट हटाने की भी नौबत आई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद योजना क्रमांक 97 पार्ट-4 में 42 एकड़ भूमि पर सिटी फॉरेस्ट के लिए जमीन मिली है, जिसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। हाल ही में प्राधिकरण ने कुमेड़ी में आईएसबीटी के सामने 2100 पौधे लगाए हैं। पिछले वर्ष लगाए गए करीब ढाई लाख पौधे अब 10 से 15 फीट तक ऊंचे हो चुके हैं, जो इस योजना की सफलता दर्शाते हैं। प्राधिकरण के सीईओ आरपी अहिरवार के अनुसार, इस वर्ष भी मां की बगिया और एक पौधा मां के नाम जैसे अभियानों के तहत मानसून सीजन में हजारों पौधे लगाए जा रहे हैं। साथ ही, जो नई टीपीएस योजनाएं घोषित की गई हैं, उनमें बड़ी संख्या में गार्डनों के लिए जमीन आरक्षित की गई है। इन दो दर्जन नए गार्डनों में ही ढाई लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। मियावाकी पद्धति के अतिरिक्त अन्य पौधारोपण कार्यों के लिए भी टेंडर बुलाए जा चुके हैं और विभिन्न ठेकेदार फर्मों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# आज से पेट्रोल पंपों पर बगैर हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों को नहीं मिलेगा पेट्रोल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में आज एक अगस्त शुक्रवार से बगैर हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पम्प से पेट्रोल नहीं दिया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने गत दिवस प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। उक्त आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है।**

जारी आदेश के अनुसार इंदौर जिले में ऐसे दो पहिया वाहन चालक, जिनके द्वारा हेलमेट धारण नहीं किया है, उन्हें किसी भी पेट्रोल पम्प द्वारा पेट्रोल का प्रदाय नहीं किया जायेगा। इस आदेश के उल्लंघन की दशा में संबंधित पेट्रोल पम्प के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश एक अगस्त 2025 से लागू होकर 29 सितम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा। इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/ संस्था/संचालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। उपर्युक्त प्रतिबन्ध मेडिकल संबंधी मामलों व आकस्मिक स्थिति में लागू नहीं होगा। यह प्रतिबन्ध अन्य किसी नियम/आदेश के प्रतिबन्धों के अतिरिक्त होंगे ।



## बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर पेट्रोल पम्प संचालकों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जारी किये गए उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए आज इंदौर जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में डीसीपी ट्रैफिक अरविंद तिवारी, एडीएम रोशन राय, जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल मारू, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सभी पेट्रोल पंप संचालकों को हिदायत दी गई कि वे शुक्रवार एक अगस्त से बगैर हेलमेट पहने किसी भी दो पहिया वाहन चालकों को किसी भी हालत में पेट्रोल नहीं दें। बगैर हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दिया जाना पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। कैमरे से निगरानी रखी जायेगी। पेट्रोल पंप पर विवाद करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध भी कार्रवाई होगी। पुलिस द्वारा सतत निगरानी रखी जायेगी। पेट्रोल पंप संचालकों से कहा गया है कि वे प्रतिबंधात्मक आदेश का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाये। इस बैठक में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, एचपीसीएल, नायरा व रिलायंस के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों, सेल्स ऑफिसरों व सहायक आपूर्ति अधिकारी अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## आरटीओ कार्यालय का अभिनव अभियान : नो हेलमेट-नो इंट्री



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर में "नो हेलमेट - नो इंट्री" (हेलमेट नहीं तो प्रवेश नहीं) अभियान आज से प्रारम्भ किया गया है। अभियान का उद्देश्य शासकीय कर्मचारियों व आमजन को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है। इसी क्रम में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में आने वाले समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं आवेदकों की चेकिंग आरटीओ राजेश गुप्ता एवं स्टॉफ द्वारा की गई, जिसमें 10 वाहन चालक को बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए जाने पर उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए, तीन हजार रुपये का जुर्माना केन्द्रीय मोटरयान 1988 की धारा 194 (घ) के अन्तर्गत वसूल किया गया तथा उन्हें चेतावनी दी गई की पुनः बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए जाने पर लाइसेंस निलंबित कर दिया जायेगा।

## बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं के विरोध में जनहित याचिका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में हेलमेट न पहनने वालों को 1 अगस्त से पेट्रोल न देने के कलेक्टर के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में गुरुवार को जनहित याचिका दायर की गई है।**

यह याचिका हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट रितेश ईनानी के माध्यम से लगाई गई है। इसमें कहा गया है कि हेलमेट की अनिवार्यता का नियम शहर के बाहरी क्षेत्रों में लागू किया जा सकता है लेकिन शहर के मध्य क्षेत्र में दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि वाहनों के अत्यधिक दबाव के कारण यहां ट्रैफिक लगभग रेंगते हुए चलता है। याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। 1 अगस्त से लागू होने वाले नए नियम को लेकर कलेक्टर कार्यालय में बैठक रखी गई। पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन के राजेंद्रसिंह ने बैठक में सवाल उठाया कि आपने हम पर तो जुर्माना और कार्रवाई का प्रावधान कर दिया पर जो लोग बिना हेलमेट जबरदस्ती पेट्रोल लेंगे उन पर क्या कार्रवाई होगी? पेट्रोल पंप संचालकों को शहर के 35 लाख लोगों का सामना करने के लिए छोड़ दिया है। बिना किसी सपोर्ट सिस्टम के। एक आदमी को गाड़ी में दोबारा पेट्रोल डलाने के लिए तीन से चार दिन लगते हैं। वो दस मिनट के लिए हेलमेट लगाएगा और खोल देगा। पेट्रोल पंप संचालक शगुन माहेश्वरी ने बताया कि कई पेट्रोल पंप पर महिलाएं भी काम करती हैं, इनसे यदि किसी तरह का विवाद होता है तो कौन जिम्मेदारी लेगा? डीसीपी ट्रैफिक अरविंद तिवारी ने जवाब में कहा हम जो भी उपलब्ध सुरक्षा होगी वह दी जाएगी। संबंधित थाने और बीट वालों के नंबर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। यदि कोई चालक किसी दूसरे वाहन चालक का हेलमेट मांगकर पेट्रोल डलाएगा तो उन सभी पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एडीएम रोशन राय ने कहा कि हम स्वच्छता में नंबर वन आ सकते हैं तो ट्रैफिक मैनेजमेंट में भी नंबर वन आ सकते हैं। एडीएम की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, एचपीसीएल, नायरा व रिलायंस के समस्त पेट्रोल पंप संचालक, सेल्स ऑफिसर व सहायक आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। नो हेलमेट-नो पेट्रोल के आदेश पर महापौर पुष्पमित्र भार्गव ने इंदौर कलेक्टर को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि सरकारी कार्यालय जैसे नगर निगम, कलेक्ट्रेट, पुलिस कार्यालय पर भी बिना हेलमेट के प्रवेश वर्जित किए जाने के निर्देश जारी किए जाएं। इससे हेलमेट की अनिवार्यता को सामाजिक व्यवहार का हिस्सा बनाया जा सकेगा। इस सुझाव पर दिशा निर्देश शीघ्र जारी किए जाएं।

## सैनिकों के लिए बालिकाओं ने बनाई राखियां

**इंदौर। स्कूल की बालिकाओं ने सैनिकों के लिए, पीएम नरेंद्र मोदी के लिए, सीएम डॉ. मोहन यादव के लिए और अपने भाई के लिए राखियां बनाई। इन राखियों को बनाने के लिए एक वर्कशॉप लगी थी, जहां बालिकाओं ने अपने हाथों से राखियां तैयार की। ऐसी कई ओर भी वर्कशॉप शहर में लगेगी।**

ये आयोजन संस्था नमो नमो शंकरा और भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा, इंदौर ने प्रीतमदास सभागृह में किया। यहां स्कूल की 400 से ज्यादा छात्राएं शामिल हुईं। छात्राओं को राखियां बनाने का सामान उपलब्ध कराया गया। जिसके बाद बहनों ने सबसे पहले अपने सैनिकों के लिए, पीएम के लिए, सीएम के लिए और अपने भाई के लिए राखियां तैयार कीं। इसके अलावा पांच बहनों ने मिलकर 17-18 घंटे में तीन बड़ी राखियां भी तैयार की। जो देश के सैनिकों के लिए, पीएम और सीएम के लिए हैं। जल्द इन राखियों को सभी तक पहुंचाया जाएगा। एक बालिका को चार राखियां तैयार करना थी। बालिकाओं ने पूरे उत्साह और भाव के साथ अपने हाथों से राखियां तैयार की। इस वर्कशॉप में 10 से 15 साल तक की बालिकाओं ने भाग लिया।

संस्था नमो-नमो शंकरा के अध्यक्ष पंकज फतेह चंदानी ने बताया कि ये राखियां कई उद्देश्य के साथ बनाई हैं। आयोजन का नाम ही रखा है एक राखी सैनिकों के नाम। जब बहनें अपने हाथों से भाईयों के लिए राखियां तैयार करती है तो वह भाव ही अलग होता है। सैनिक के लिए आगामी 3 से 4 अगस्त से राखियां भेजने का सिलसिला शुरू कर दिया जाएगा। जल्दी ही पीएम और सीएम को भी राखियां भेजी जाएगी। इसके अलावा तीन बड़ी राखियां पांच बहनों ने हैंडी क्राफ्ट से तैयार की हैं। इसमें करीब 17 से 18 घंटे का समय लगा। इस आयोजन में योगेश वाधवानी, गिरीश ठाकुर, मोहित बजाज, तरुण जेठानी आदि मौजूद रहे।



## निजी और अपात्र लोग तत्काल अपने वाहन से हूटर हटाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। निजी और अपात्र वे लोग जिन्होंने अपने वाहनों में हूटर लगा रखे हैं, वे तत्काल इसे हटाएं। इसे लेकर गुरुवार को हाई कोर्ट ने आदेश जारी किया है। इसके साथ ही प्रमुख सचिव, डीजीपी, कमिश्नर, डिप्टी आरटीओ से जवाब मांगा है।**

यह जनहित याचिका पूर्व पार्षद महेश गर्ग ने पिछले हफ्ते लगाई है जिसमें आज सुनवाई हुई। इसमें गर्ग की ओर से सीनियर एडवोकेट मनीष यादव और अदिति मनीष यादव ने तर्क रखे कि राज्य सरकार ने मार्च 2025 में सर्कुलर जारी करते हुए सभी पुलिस अधीक्षक और आरटीओ को आदेशित किया था कि जो भी निजी और अपात्र वाहन अवैध रूप से हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट लगा रहे हैं और गलत तरह से नंबर प्लेट लगा रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाएं। इसके बावजूद पुलिस-प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। एडवोकेट मनीष यादव ने बहस के दौरान ऐसे कई वाहनों के फोटो भी दिखाए कि किस तरह अपात्र और निजी वाहनों पर हूटर सायरन लगा कर ट्रैफिक बाधित किया जाता है। नो पार्किंग में वाहन लगाकर दबाव बनाया जाता है। इन तर्कों से सहमत होकर न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति बिनोद कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने तत्काल प्रभाव से अंतरिम आदेश पारित करते हुए 7 दिन में सभी निजी और अपात्र वाहनों से हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट हटाने और नंबर प्लेट सही करने का आदेश दिया। इसके साथ ही प्रमुख सचिव, डीजीपी, कमिश्नर, डिप्टी आरटीओ से चार हफ्ते में जवाब मांगा है।

### कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

# श्रीराम शासकीय मंदिर की बेशकीमती भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिले में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में शासकीय भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी सिलसिले में आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बेशकीमती शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।



कलेक्टर आशीष सिंह को सूचना प्राप्त हुई थी कि तहसील जूनी इंदौर स्थित ग्राम भानगढ़ भूमि खसरा क्रमांक 59 रकबा 1.307 हेक्टेयर जो कि श्रीराम शासकीय मंदिर के नाम पर दर्ज है, उक्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण हुआ है। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जाँच के निर्देश दिए गए। निर्देश के पालन में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जूनी इंदौर प्रदीप सोनी एवं तहसीलदार जूनी इंदौर श्रीमती प्रीति भिसे द्वारा जाँच की गई। जाँच उपरांत श्रीराम शासकीय मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण पाया जाने से आज अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जूनी इंदौर प्रदीप सोनी के निर्देशन में तहसीलदार जूनी इंदौर श्रीमती प्रीति भिसे सहित नगर निगम एवं राजस्व के अमले द्वारा ग्राम भानगढ़ स्थित भूमि खसरा क्रमांक 59 रकबा 1.307 हेक्टेयर से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण मुक्त करायी गई भूमि का अनुमानित मूल्य लगभग 25 करोड़ रुपये है। उक्त बेशकीमती शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाकर शासन हित में भूमि का कब्जा लिया गया। शासकीय भूमि को संरक्षित किया जाकर, भूमि पर तार फेंसिंग कर भूमि श्रीराम शासकीय मंदिर होने संबंधी सूचना बोर्ड लगाया गया।

## विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए दिया गया मार्गदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय गठित समिति द्वारा चयनित काउंसलर और विषय विशेषज्ञों की टीम के माध्यम से विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र /छात्राओं हेतु सत्र 2025 की शुरुआत से ही छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने एवं छात्र एवं छात्राओं के भविष्य निर्माण में सहयोग के लिए कैरियर एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन की शुरुआत की गईं। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक पी. एस. मंडलोई ने बताया कि काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों और मोटिवेशनल स्पीकर की टीम बनाकर शासकीय नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल इन्दौर के छात्र/छात्राओं को मार्गदर्शन देने हेतु भेजा गया। टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को बेहतर विषय चुनने में मदद की गई। टीम के काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. धीरज हासिजा, सुश्री प्रियंका तिवारी एवं विजेंद्र सोगानी ने कैरियर काउंसिलिंग एवं भविष्य की केरियर योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इन सभी ने मार्गदर्शन/वार्ता के माध्यम से शासन की स्वरोजगार और कैरियर योजनाओं से भी अवगत कराया। साथ ही बेहतर विषय चुनने एवं भविष्य की कैरियर योजनाएं बनाने में मदद मिले इस प्रकार की जानकारियां दी।

### आबकारी इंदौर द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध की गई कड़ी कार्यवाही

## आठ पेटी देशी मदिरा, एक पेटी विदेशी मदिरा तथा दो दोपहिया वाहन जब्त, एक आरोपी को भेजा गया जेल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिले में कलेक्टर आशीष सिंह और सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में अवैध मदिरा के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आबकारी कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी और डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग इंदौर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार सख़्त ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ताज़ा कार्रवाई में विभाग की तीन टीमों ने अलग-अलग वृत सांवेर, बालदा कॉलोनी (फूटी कोटी) और भोईमोहल्ला क्षेत्र में छापे मारकर कुल 326 पाव देसी मदिरा (58.26 बल्क लीटर), 1 पेटी विदेशी मदिरा और 2 पेटी देशी/विदेशी मदिरा जब्त की है। साथ ही दो दोपहिया वाहन (एक एक्टिवा, एक हीरो प्लेजर) भी ज़ब्त किए गए। पकड़े गए आरोपी/अभियुक्तों में से एक महिला को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है, जबकि अन्य के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। पूरी बरामदगियों का करीब बाजार मूल्य 1 लाख 71 हजार 124 रुपए आँका गया है। यह कार्रवाई आबकारी दलों – उप निरीक्षक श्रीमती त्रिअम्बिका शर्मा, मीरा सिंह, शालिनी सिंह एवं उनकी टीम की सतर्कता एवं समर्पण का परिणाम है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा पर इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**इंदौर**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा मल्हारगंज पॉलीक्लिनिक, एन.एस.व्ही. रिर्सोस सेंटर, कार्यालय जिला क्षय अधिकारी एवं लेब,जिला औषधि एवं भंडारगृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त संस्थाओं पर चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ तथा अन्य सर्पोटिंग स्टाफ समय पर उपस्थित नहीं था। पॉलिक्लिनिक मल्हारगंज में साफ-सफाई का अभाव पाया गया, जिसके लिए संस्था प्रभारी को सफाई संबंधित निर्देश दिए गए। जो अधिकारी-कर्मचारी एवं स्टाफ अनुपस्थित पाए गए उनको कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए तथा यह चेतावनी दी गई की स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। स्टाफ को भविष्य में समय पर उपस्थित होने एवं कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

### संभागायुक्त दीपक सिंह ने इंदौर रेसीडेंसी क्लब में

# नवनिर्मित पिकल बॉल कोर्ट का उद्घाटन किया

◆ क्लब के विकास कार्यों पर हुई चर्चा और सदस्यों से लिये गये सुझाव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। संभागायुक्त और इंदौर रेंसीडेंसी क्लब के अध्यक्ष दीपक सिंह ने गुरूवार को इंदौर रेसीडेंसी क्लब परिसर में नवनिर्मित पिकल बॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं इंदौर रेसीडेंसी क्लब के सचिव आशीष सिंह एवं अपर कलेक्टर तथा क्लब के सहसचिव गौरव बेनल भी विशेष रूप से उपस्थित थे। नया पिकल बॉल कोर्ट बन जाने पर सदस्यों ने खुशी व्यक्त की। इससे इंदौर रेसीडेंसी क्लब के सदस्यों को अब बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। संभागायुक्त श्री सिंह ने इंदौर रेंसीडेंसी क्लब में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर सदस्यों से चर्चा की और उनसे सुझाव भी लिये। बताया गया कि इंदौर रेंसीडेंसी क्लब में एक स्कवाश कोर्ट भी बनाया जायेगा। साथ ही अण्डरग्राउण्ड वाटर टैंक भी बनेगा। उल्लेखनीय है कि इंदौर रेसीडेंसी क्लब में सदस्यों के लिये विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन किया जाता हैं। इस अवसर पर इंदौर रेसीडेंसी क्लब के प्रबंधक शेखर तिवारी सहित क्लब के सदस्यगण मौजूद थे। इस दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने इंदौर रेंसीडेंसी क्लब परिसर का अवलोकन भी किया।

# 20 नए आधुनिक बस स्टॉपों की सौगात महिला सफाई मित्र ने किया लोकार्पण

**इंदौर। इंदौर में नगर निगम ने 20 नए बस स्टॉपों का निर्माण हुआ है। इसका लोकार्पण मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने महिला सफाई मित्र से कराया। अन्य मार्गों पर भी इस तरह के बस स्टॉपों का निर्माण किया जाएगा।**

इस मौके पर मेयर भार्गव ने कहा कि इंदौर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को और अधिक सरल, सुरक्षित एवं तकनीकी रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। पहले जहां पुराने बस स्टॉप पर लोगों को बैठने, रुकने और जानकारी प्राप्त करने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, वहीं अब इन नए बस स्टॉप पर अत्याधुनिक डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। आने वाले समय में शहर के अन्य मार्गों पर भी पुराने बस स्टॉपों के स्थान पर नए बस स्टॉप बनाए जाएंगे। आपको बता दे कि इंदौर में सिटी बसों के संचालन के समय 20 वर्ष पहले बस स्टॉपों का निर्माण किया गया था। उनमें से ज्यादातर खराब हो गए थे और बैठने लायक भी नहीं बचे थे। फिलहाल शहर में लगभग 350 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। एक वर्ष में 200 नवीन सिटी बस स्टॉप तैयार किए जाने का लक्ष्य है। शहर के प्रमुख रुटों पर तैयार हुए 20 नए बस स्टॉपों में पैसेंजर




इनफॉर्मेशन सिस्टम (PIS)रहेगा। इससे रूट मैप की जानकारी रहेगी और इमरजेंसी कांटेक्ट नंबर भी डिस्पले होते रहेंगे। स्टॉपों पर सीसीटीवी कैमरे रहेंगे। इसके अलावा यात्री अपने मोबाइल भी चार्ज कर सकेंगे। हर स्टॉप पर दो मोबाइल चार्जिंग पाइंट रहेंगे। इसके अलावा आरामदायक सीटें रहेगी। बारिश के समय भी बस स्टॉप मददगार होंगे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया और मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था और दुग्ध-सहकारिता गतिविधियों की जानकारी दी।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट कर

**मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति से कराया अवगत**



प्रदेश में ऊर्जा, नगरीय विकास क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर नई शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन सहित पाठ्यक्रमों में राष्ट्रभक्तों और महापुरूषों की जीवनियों के शामिल किए जाने संबंधी प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से सौजन्य भेंट कर 'एक पेड़ मां के नाम', 'एक बगिया मां के नाम के अंतर्गत संचालित गतिविधियों और जल गंगा संवर्धन अभियान के परिणामों से भी अवगत करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्रीगण को प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में हो रही प्रगति की जानकारी प्रदान की गई।

**मप्र विधानसभा: कानून व्यवस्था पर कांग्रेस का हंगामा**

# ड्रग्स कारोबार को लेकर सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन कांग्रेस ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायकों ने ड्रग्स के प्रतीकात्मक इंजेक्शन और पुड़ियां लेकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि एमडी ड्रग्स का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने इसमें भाजपा नेताओं की संलिप्तता को लेकर भी आरोप लगाए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि बढ़ते एमडी ड्रग्स कारोबार ने युवाओं को गर्त में धकेल दिया है। सरकार छोटी मछलियों को पकड़ रही है, मगरमच्छों को कब पकड़ेगी? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं की संलिप्तता के कारण मुख्य आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है।

इस पर राज्य मंत्री शिवाजी पटेल ने जवाब देते हुए विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि "प्रदेश में



कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि संगठित अपराधों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में वर्षों से कोई सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है। एक वर्ष में 10 नक्सलियों का सफाया किया गया। फुटकर नशा बेचने वालों और माफियाओं पर सख्त कार्रवाई हो रही है। उन्होंने बताया कि सरकार "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान चलाया गया। डायल 112 सेवा अगस्त से पूरे प्रदेश में शुरू होगी। "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत 7615 लापता नाबालिग बालिकाओं को घर पहुंचाया गया। उमंग सिंघार ने सरकार के आंकड़ों को गुमराह करने वाला बताया और कहा कि 2024 में औसतन प्रतिदिन औसतन 25 संगीन अपराध दर्ज हो रहे है। 20 बलात्कार, 38 महिलाओं की गुमशुदगी दर्ज हुई हैं। साइबर अपराध में 250 करोड़ की धोखाधड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासन की पकड़ कमजोर है। इस पर मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने जवाब देते हुए कहा कि सायबर अपराध में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन सायबर हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई कर रही है। सरकार की अपराधियों पर जीरो टोलरेंस की नीति है। सरकार के जवाब को विपक्ष ने गुमराह करने वाला बताया। जिसके बाद जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

मध्यप्रदेश विधानसभा के सत्र के दौरान पन्ना जिले में वन विभाग और राजस्व विभाग की भूमि सीमाओं को लेकर चल रहे विवाद का मामला जोरशोर से उठा।

## ट्रेनिंग सेंटर में भूटान आर्मी जवान की मौत

**नर्मदापुरम।** हिल स्टेशन पचमढ़ी स्थित आर्मी एजुकेशन कोर (एईसी) के करियप्पा कंपनी परिसर में भूटान आर्मी के 27 वर्षीय जवान शिवांग गेलसेन की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इंटरनेशनल मामला होने की वजह से शव को पोस्टमार्टम के लिए भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां गुरुवार को पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक शिवांग गेलसेन, पिता सोनम, रॉयल भूटान आर्मी में आरक्षक (रैंक - चुमा) के पद पर कार्यरत था। वह 7 मई 2025 से 7 अक्टूबर 2025 तक की 5 महीने की ट्रेनिंग पर पचमढ़ी आया था। यहां वह एईसी के आरएम कोर्स में बैंड सीखने की ट्रेनिंग ले रहा था।

## कुएं में डूबने से दो युवकों की मौत

**मंदसौर।** बकरी चराने गए दो युवकों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने उनके शव बाहर निकाले। शवों को पोस्टमार्टम के लिए नाहरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। मामला नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के पिपलिया कराड़िया गांव का है। मृतकों की पहचान 21 वर्षीय कमलेश वाल्मीकि और 15 वर्षीय संदीप चंद्रवंशी के रूप में हुई है। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने दोनों की मौत पर संवेदनाएं व्यक्त की हैं। घटना उस समय हुई जब दोनों युवक बकरियां चरा रहे थे। कमलेश को प्यास लगी और वह पानी पीने के लिए कुएं में उतरा। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहराई में जाने लगा। उसे बचाने के लिए संदीप भी कुएं में उतर गया। दुर्भाग्य से संदीप भी हादसे का शिकार हो गया और दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई।

## वरुण कपूर बने नए डीजी जेल

**भोपाल।** वरुण कपूर नए डीजी जेल बन गए हैं। इसका आदेश गुरुवार दोपहर गृह विभाग ने जारी किया है। कपूर इससे पहले विशेष पुलिस महानिदेशक आर.ए.पी.टी.सी इंदौर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। दरअसल जेल डीजी जीपी सिंह आज सेवा निवृत्त हो गए हैं। वहीं मों शाहिद अबसार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भोपाल से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (चयन एवं भर्ती) पुलिस मुख्यालय का प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा मों यूसुफ कुरैशी को सायबर सेल उप पुलिस महानिरीक्षक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भेजा गया है।

# मध्यप्रदेश में 14 अगस्त से प्रदेश में दौड़ने लगेंगी नई डॉयल-100



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** पांच वर्ष की प्रतीक्षा के बाद प्रदेश में नई डायल 100 गाड़ियां 14 अगस्त से दौड़ने लगेंगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव गाड़ियों को हरी झंडी दिखाएंगे। गाड़ियां आने के बाद उनका ट्रायल भी पूरा हो गया है। पहले चरण में 1200 गाड़ियां चलेंगी। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में बोलेरो और शहरी क्षेत्र में स्कार्पियो एन चलाई जाएंगी। नई गाड़ियां होने से शहरी क्षेत्र में पुलिस पांच से 10 मिनट में घटना स्थल पर पहुंच सकेगी। हालांकि, टेंडर में इसके लिए कोई न्यूनतम समय निर्धारित नहीं किया गया है। नए वाहन चलने के साथ काल सेंटर की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। पहले एक शिफ्ट में 80 लोग बैठ सकते थे, जिसे अब 100 सीटर कर दिया गया है। इसका लाभ यह होगा कि जरूरतमंदों की काल वेटिंग में नहीं रहेगी।

वाहनों में सीसीटीवी कैमरे भी लगे रहेंगे। इससे घटना स्थल की रिकार्डिंग हो सकेगी।

वाहनों में कार्यरत पुलिसकर्मियों की वर्दी में भी छोटे कैमरे लगे रहेंगे, जो साक्ष्य एकत्र करने के काम आएंगे।

पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि वाहनों की संख्या चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 2000 तक करनी है।

बता दें कि अभी वाहनों का संचालन कर रही बीवीजी कंपनी का कार्यकाल 2020 में ही पूरा हो गया है।

कभी कोर्ट केस तो भी कभी अन्य कारणों से अभी तक नई एजेंसी का चयन नहीं हो पाया था।

इस कारण पुराने वाहन ही चल रहे हैं। वाहनों की हालत बेहद खराब हो चुकी है।

# मैं मर जाऊं तो... जिगरी दोस्त की शव यात्रा में डीजे पर डांस



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर जिले में एक दिल को छू लेने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति की शव यात्रा में उसके दोस्त ने जमकर डांस किया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा उसने अपनी दोस्त की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए की।

दरअसल, यह पूरा मामला मंदसौर जिले के जवासिया गांव का है। यहां पर सोहनलाल जैन (71) साल के की मौत हो गई। उसकी अंतिम विदाई में उसके जिगरी दोस्त अंबालाल प्रजापति (51) ने गम के माहौल में नाचते हुए अंतिम विदाई दी। इसका पूरा वीडियो जब वायरल हुआ तो सोहनलाल ने सोशल मीडिया पर एक साझा किया, जिसमें उसने बताया कि वह अपने दोस्त के लिए एक अनूठी मिशाल पेश कर रहा है। प्रजापति (51)ने कहा कि सोहनलाल दो साल पहले कैंसर की चपेट में आ गए थे। उन्होंने रतलाम, मंदसौर से लेकर अहमदाबाद तक इलाज करवाया, लेकिन वह जिंदगी की जंग हार गए। प्रजापति ने बताया कि वह और सोहनलाल एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त थे और गांव की प्रभात फेरी में साथ-साथ शामिल होते हुए उनका रिश्ता और भी मजबूत हो गया। प्रजापति ने कहा कि सोहनलाल मुझसे अक्सर कहा करते थे कि मैं मर जाऊं, तो रोना-धोना मत। मेरी अंतिम यात्रा में डांस करना। मैंने अपने मित्र की इच्छा के अनुसार उसकी अंतिम यात्रा में डांस किया। प्रजापति ने भावुक होते हुए कहा कि दोस्ती निभानी थी और मैंने उसे अंतिम समय तक निभाई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक यूजन ने लिखा है कि "दोस्ती की मिसाल। अंतिम यात्रा में नाचा दोस्त, निभाया सोहनलाल से किया आखिरी वादा!"

## संपादकीय

# बड़े झटके के बाद ही आते हैं आर्थिक बदलाव

ट्रंप ने भारत पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। साथ ही रूस से तेल और रक्षा खरीद जारी रखने पर अलग पेनाल्टी भी लगाने की बात कही है। हालांकि, इसके अगले दिन उन्होंने कहा कि रूस-भारत को आपस में जो भी करना है करें...खैर, ट्रुथ सोशल पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान उन्होंने '...जबकि भारत हमारा मित्र है' जैसे वाक्य से किया। यानी अमेरिका जैसा दोस्त हो तो दुश्मनों की जरूरत ही क्या है? अर्थशास्त्र वस्तुओं, पूंजी, श्रम और डेटा के आवागमन के सिद्धांत पर टिका है। लेकिन अमेरिका आज इसमें सबसे बड़ी बाधा बन गया है। सेमीकंडक्टर निर्यात पर प्रतिबंध, आर्थिक पाबंदियों को हथियार बनाना, एकतरफा टैरिफ और दूसरे देशों पर थोपे गए नियमों से ट्रंप ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को बदल दिया है। 2024 में अमेरिका का आयात रेकॉर्ड 3.3 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जबकि निर्यात 2.1 ट्रिलियन डॉलर रहा। इससे ट्रेड घाटा 1.2 ट्रिलियन डॉलर हो गया, जो पिछले साल से 14% ज्यादा है। सर्विस सेक्टर (जैसे फाइनेंस और टूरिज्म) को मिलाकर भी कुल व्यापार घाटा 918 बिलियन डॉलर का रहा, जो अब तक का दूसरा सबसे बड़ा रेकॉर्ड है। चीन के साथ उसका व्यापार घाटा 295 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। वहीं, अमेरिका 221 जरूरी वस्तुओं के लिए आयात पर निर्भर है। इनमें माइक्रोचिप्स और बैटरी के पुर्जों की 90% से 100% तक की आपूर्ति दूसरे देशों से होती है। अमेरिका को दुर्लभ खनिजों की 70% आपूर्ति चीन से होती है। लिथियम और कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिज चिली, कनाडा और अर्जेंटीना से आते हैं। कुल मिलाकर केवल चार व्यापारिक साझेदार- चीन, यूरोपीय संघ, मेक्सिको और कनाडा मिलकर अमेरिका के कुल आयात के 10% से ज्यादा के लिए जिम्मेदार हैं। ये अमेरिकी उद्योग की बुनियाद हैं। येल यूनिवर्सिटी की बजट लैब के मुताबिक, 2025 में टैरिफ बढ़ने से अमेरिका का औसत आयात शुल्क 22.5% हो गया है, जो 1909 के बाद सबसे अधिक है। इससे वहां खुदरा महंगाई दर 2.3% बढ़ी है। यानी औसत अमेरिकी परिवार पर 3,800 डॉलर का बोझ। इससे निम्न-आय वाले परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। टैरिफ के कारण 2025 में अमेरिका की GDP वृद्धि दर 0.9% तक घटने की आशंका है। अमेरिका के निर्यात में भी 18.1% की गिरावट आई है। जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ी हैं। कपड़े 17%, खाने की चीजें लगभग 3% और नई कारों की औसत कीमत 4,000 डॉलर तक बढ़ी है। अर्थव्यवस्था को बचाने के बजाय ट्रंप के टैरिफ से वहां आम नागरिकों की आय घट रही है। विकास दर धीमी पड़ रही है और इससे अमेरिकी उद्योगों की प्रतिस्पर्धी क्षमता में कमी आ रही है। अक्सर देखा गया है कि आर्थिक बदलाव बड़े झटके के बाद ही आते हैं। भारत में भी आर्थिक सुधारों की शुरुआत तभी हुई थी, जब वह भुगतान संकट में फंस गया था।

## OSHO कहिन

"भूतकाल खत्म हो चुका है,
भविष्य का कोई अस्तित्व नहीं है।
सच्चाई केवल इस पल में है।"



## महिला जगत

# हर महिला को महीने में कम से कम एक बार करनी चाहिए सोलो डाइनिंग

### जानिए इसके 5 फायदे

**आप इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में सोमवार से रविवार तक दूसरों के लिए जीती हैं, लेकिन खुद के लिए वक्त नहीं निकाल पातीं। ऐसे में सोलो डाइनिंग एक नया ट्रेंड बनकर उभरा है। इसमें आप खुद के साथ डिनर करती हैं, खुद से जुड़ती हैं, खुद को समझती हैं और खुद को नए दिन के लिए रिचार्ज करती हैं। जानकार कहते हैं कि सोलो डाइनिंग एक पॉजिटिव और हीलिंग अनुभव है, जहां आप सबसे पहले अपने लिए होती हैं।**



### खुद से मिलने का सुकून

जब आप अकेले किसी कैफे या रेस्त्रां में बैठती हैं तो आपके लिए अंतरआत्मा की आवाज सुनना आसान हो जाता है। कोई और नहीं, बस आप, आपकी पसंद, सोच और आपके सवाल। यह आत्मसंवाद का एक तरीका भी है, जो आपको मानसिक तौर पर अधिक स्पष्ट और संतुलित बनाता है। आप किसी परेशानी से जूझ रही हैं तो यह आपको शांति देता है।

### पसंद से प्लेट तक

आप अक्सर दूसरों की पसंद को प्राथमिकता देते-देते खुद की पसंद को भूल जाती हैं, लेकिन सोलो डाइनिंग में हर एक डिश, हर एक स्वाद बस आपकी पसंद से जुड़ा होता है। कोई समझौता नहीं, कोई तर्क-वितर्क नहीं, सिर्फ वही, जो आपका मन चाहता है। खुद के लिए समय निकालकर जब आप अपने मनपसंद खाने का आनंद लेती हैं तो वह सिर्फ स्वाद नहीं, बल्कि आत्मसंतुष्टि का अनुभव भी होता है।

### आत्मबल का प्रतीक

कई महिलाओं को लगता है कि अकेले बाहर जाना समाज में 'असामाजिक' या 'अकेलेपन' की निशानी है, लेकिन असल में यह आत्मबल और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। सोलो डाइनिंग आपको यह विश्वास देता है कि आप खुद के लिए काफी हैं।

### भावनात्मक संतुलन

रफ्तार भरती जिंदगी, कार्य दबाव और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच आपका मन कई बार थक जाता है। ऐसे में जब आप खुद को वह समय देती हैं, जिसमें आप पर कोई अपेक्षा नहीं होती, तो तनाव का स्तर कम हो जाता है। यह एक ऐसा स्पेस होता है, जहां आप खुलकर सोच सकती हैं, खुद को रिचार्ज कर सकती हैं और नई ऊर्जा के साथ लौट सकती हैं। मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में यह एक छोटा, लेकिन बेहद प्रभावी कदम हो सकता है।

### पुस्तक और संगीत

सोलो डाइनिंग को यादगार बनाने के लिए आप पहले योजना बनाएं। सबसे पहले अपना पसंदीदा रेस्तरां चुनें। वहां अपनी मनपसंद पुस्तक लेकर जाएं। चाहें तो कोई पॉडकास्ट या म्यूजिक प्लेलिस्ट भी तैयार करें। आप रेस्त्रां की हलचल के बीच एक शांत कोना चुनें और इस रात का मजा लें। तब यह सोलो डाइनिंग आपके दिल और दिमाग के लिए एक ट्रीटमेंट बन जाएगा।

### सबसे खास रिश्ता खुद से

लाइफ कोच निधि गुप्ता बताती हैं, सोलो डाइनिंग आपको मानसिक रूप से स्वतंत्र बनाता है। यह आपको सिखाता है कि खुशी सिर्फ दूसरों की संगत से नहीं, बल्कि खुद के साथ से भी मिल सकती है। यह आपके आत्मबल को बढ़ाता है और दुनिया के सामने यह कहने का साहस देता है कि "मुझे खुद का साथ पसंद है।" कई बार हम दूसरों पर इस कदर निर्भर हो जाते हैं कि अकेले कुछ करना हमें असहज लगता है, लेकिन जब आप खुद के लिए समय निकालती हैं, खुद को खुशी देती हैं तो आप अपनी ही सबसे अच्छी दोस्त बन जाती हैं। यह खुद को स्वीकारने का एक छोटा-सा कदम भी है। इसलिए सोलो डाइनिंग के जरिए आप खुद से मिलिए, खुद को समझिए और खुद के साथ एक शाम बिताइए, क्योंकि सबसे खास रिश्ता वही होता है, जो हम खुद से बनाते हैं।

New Delhi

# मोबाइल और LoRa सेट से खुलेगी पाक की पोल ऑपरेशन महादेव में ढेर आतंकियों से क्या-क्या मिला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में चले ऑपरेशन महादेव में मारे गए आतंकियों के पास से तीन मोबाइल फोन और दो LoRa (लॉन्ग रेंज) कम्युनिकेशन सेट समेत कई संदिग्ध वस्तुएं बरामद हुई हैं। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, इन उपकरणों से जो डेटा मिला है वह आतंकियों के पाकिस्तान कनेक्शन को लेकर अहम सुराग दे सकता है। सूत्रों के मुताबिक, मोबाइल फोन में दो पाकिस्तानी नागरिकों के नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी (NADRA) कार्ड की तस्वीरें मिली हैं।

आपको बता दें कि यह कार्ड पाकिस्तान सरकार



द्वारा जारी किया गया एक आधिकारिक पहचान पत्र होता है। इन मोबाइल और LoRa सेट्स की जांच राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (NTRO) द्वारा की जा रही है, ताकि डिवाइस के जरिए आतंकियों की गतिविधियों का पूरा खाका तैयार किया जा सके।

सुरक्षा बलों को आतंकियों के पास से कई सामान मिले हैं। उनके पास से तीन मोबाइल फोन, दो LoRa कम्युनिकेशन सेट, GoPro कैमरे के लिए हार्नेस, 28 वॉट का सोलर चार्जर, तीन मोबाइल चार्जर, स्विस मिलिट्री पावर बैंक, सुई-धागे, दवाइयां, स्टोव, सूखा राशन और बड़ी मात्रा में चाय मिले हैं। इसके अलावा गांदरबल और श्रीनगर के स्थानीय नागरिकों के नाम पर दो आधार कार्ड मिले हैं।

Chhattisgarh

## 'राधे-राधे' कहने पर नर्सरी की बच्ची को पीटा, मुंह पर टेप लगा दी

◆ छत्तीसगढ़ के स्कूल में शर्मनाक घटना

**दुर्ग, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है, यहां पर अभिवादन के लिए 'राधे-राधे' कहने पर एक स्कूल प्राचार्य ने नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाली साढ़े तीन साल की छात्रा को ना सिर्फ पीटा, बल्कि उसके मुंह पर भी टेप चिपका दिया। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला प्राचार्य ईला ईवन कोल्विन को गिरफ्तार कर लिया।

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह घटना नंदिनी नगर थानाक्षेत्र के बागडुमर इलाके में स्थित 'मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल' में बुधवार सुबह हुई। जिसके बाद बच्ची के पिता प्रवीण यादव ने पुलिस ने मामला दर्ज कराया। शिकायत पर पुलिस ने स्कूल की प्राचार्य को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों ने बताया कि बच्ची के पिता ने पुलिस के पास दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया कि बुधवार को जब उनकी बच्ची स्कूल से वापस आई तो उसने बताया कि प्राचार्य ईला ईवन कोल्विन ने 'राधे-राधे' कहने पर उसकी पिटाई की और उसके मुंह पर टेप भी लगा दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर स्कूल की प्राचार्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया साथ ही प्रिंसिपल को भी गिरफ्तार कर लिया। उधर नंदनी थाना प्रभारी पारस सिंह ठाकुर ने बताया की यादव की शिकायत के बाद आरोपी प्राचार्य को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

Bihar

## बेटे के लव मैरिज करने पर पुलिसकर्मी ने दी जान, पंखे से लटका मिला शव

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना में पुलिस लाइन में तैनात सिपाही अशोक सिंह ने बुधवार शाम आत्महत्या कर ली. यह घटना पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन स्थित सरकारी क्वार्टर की है, जहां अशोक सिंह पंखे से लटके हुए पाए गए. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में सनसनी फैल गई और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे. बताया जा रहा है कि अशोक सिंह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से तनाव में थे. इसका कारण यह था कि उनके बेटे ने हाल ही में परिवार की इच्छा के विरुद्ध जाकर लव मैरिज कर ली थी. इस शादी को लेकर अशोक सिंह काफी परेशान चल रहे थे और इसे स्वीकार नहीं कर पा रहे थे. पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, वह कई दिनों से चुपचाप रहते थे और घर में भी तनाव का माहौल बना हुआ था. घटना के वक्त अशोक सिंह की पत्नी घर से बाहर गई हुई थीं. उसी दौरान उन्होंने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. जब काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो पड़ोसियों को शक हुआ और उन्होंने दरवाजा खुलवाया. अंदर का नजारा देखकर सभी लोग सन्न रह गए. घटना की सूचना मिलते ही बुद्धा कॉलोनी थाने की पुलिस मौके पर

Jharkhand

## झारखंड में बाबा बासुकीनाथ के दर्शन को जा रहे कांवड़ियों की कार ईंटों के ढेर से टकराई, पांच घायल, दो की हालत गंभीर

**दुमका, (एजेंसी)** झारखंड के दुमका में एक दर्दनाक हादसे में पांच कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए. यह हादसा उस समय हुआ, जब कांवड़ियों से भरी एक कार सड़क किनारे ईंटों के ढेर से टकरा गई. हादसे में घायल हुए पांचों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ मंदिर के दर्शन के लिए निकले थे. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है.

एजेंसी के अनुसार, यह घटना दुमका के जरमुंडी थाना क्षेत्र के बेलटिकरी गांव के पास हुई. श्रद्धालु बैद्यनाथ धाम (देवघर) से दर्शन कर बासुकीनाथ मंदिर की ओर जा रहे थे. जरमुंडी थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने बताया कि रास्ते में एक ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में कार चालक ने कार अचानक मोड़ दी. इसी दौरान कार सड़क किनारे ईंटों के ढेर से टकरा गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी पांच श्रद्धालु घायल हो गए.

हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है. उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रेफर किया जा सकता है. पुलिस ने बताया कि सभी घायल कांवड़िये गिरिडीह जिले के बगोदर क्षेत्र के रहने वाले हैं. हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

खेल

# करुण ने आठ साल बाद खेली 50+ रन की पारी

## सुंदर के साथ छठे विकेट के लिए नाबाद 51 रन की साझेदारी

**लंदन, (एजेंसी)** भारतीय टीम में वापसी कर रहे करुण नायर ने अर्धशतक जड़ा लेकिन गस एटकिंसन और जोश टंग की धारदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित पहले दिन ओवल में मेहमान टीम का पहली पारी में स्कोर छह विकेट पर 204 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। एटकिंसन (31 रन पर दो विकेट) और टंग (47 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और गेंदबाजी की अनुकूल परिस्थितियों में नायर के अलावा उसका कोई अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया।

बारिश के कारण पहले दिन 64 ओवर का ही खेल संभव हो पाया। ओवल टेस्ट के पहले दिन 64 ओवर का खेल ही हो पाया। यह करुण के टेस्ट करियर का दूसरा 50+ स्कोर है। इससे पहले उन्होंने दिसंबर 2016 में इंग्लैंड




के खिलाफ ही नाबाद 303 रन की पारी खेली थी। इसके बाद उनका यह पहला 50+ रन की पारी है। भारत ने 153 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद नायर (नाबाद 52 रन, 98 गेंद, सात चौके) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 19 रन) ने सातवें विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को वापसी दिलाने का प्रयास किया। भारत के लिए पहले दो सत्र की तरह तीसरे सत्र में भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक छोर पर टिककर खेल रहे साई सुदर्शन (38) टंग की शानदार आउटस्विंगर पर विकेटकीपर जेमी स्मिथ के हाथों लपके गए जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 101 रन हो गया। नायर ने टंग के अगले ओवर में दो चौके मारे लेकिन इस तेज गेंदबाज ने रविंद्र जडेजा (09) को स्मिथ के हाथों कैच कराके भारत को पांचवां झटका दिया। जडेजा ने चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद शतक जड़कर वाशिंगटन के साथ मिलकर भारत को हार से बचाया था। ध्रुव जुरेल 19 रन की पारी के दौरान अच्छी लय में नजर आए। वह गस एटकिंसन की अंदर आती गेंद पर पगबाधा होने से बचे लेकिन अगली गेंद पर दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक को कैच दे बैठे।

नायर ने जेमी ओवरटन पर लगातार दो चौकों के साथ दबाव कम करने का प्रयास किया। नायर और वाशिंगटन ने इंग्लैंड के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। नायर ने 62वें ओवर में जैकब बेथेल की गेंद पर दो रन के साथ 89 गेंद में अपने करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया और साथ टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

इससे पहले बारिश के कारण लंच और चाय के बीच सिर्फ छह ओवर का खेल हो गया जिसमें भारत ने कप्तान शुभमन गिल (21) का विकेट गंवाकर 13 रन बनाए। लंच से पहले अचानक आई बारिश के कारण दूसरे सत्र का खेल स्थानीय समयानुसार दोपहर तीन बजे शुरू हुआ।

सिनेमा

## पर्सनल लाइफ को लेकर अफवाहों से नहीं पड़ता निमरत कौर को फर्क, कहा- मेरा मकसद सिर्फ...



निमरत कौर बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई सक्सेसफुल फिल्में और वेब सीरीज में काम किया है। निमरत वैसे पर्सनल लाइफ को लेकर कम बात करती हैं। अब उन्होंने अपने से जुड़े फेक अफवाहों को लेकर बात की। उनका यह रिएक्शन पिछले साल रिलीज हुई दसवीं के को-स्टार अभिषेक बच्चन के साथ डेटिंग की अटकलों के बीच आया है। निमरत ने बताया कि कैसे पर्सनल लाइफ को लेकर उनकी जो अफवाह आती है उसे वह कैसे हैंडल करती हैं। वह बोलीं, 'सोशल मीडिया अपने आप में एक ऐसे अमीबा की तरह, वो कभी भी, कहीं भी उगता है, किसी भी रीजन से- भले कारण है या नहीं है। मेरा फोकस लाइफ में क्या होना चाहिए वो बहुत क्लीयर है। मुंबई शहर में सोशल मीडिया के लिए नहीं आई थी, उस वक्त था भी नहीं। स्मार्ट फोन्स भी नहीं थे।' निमरत ने आगे कहा, 'मेरा लाइफ गोल और मकसद है कि मैं काम की जमा पूंजी बढ़ाऊं ना कि बेफालतू की चीजें, जिन लोगों के पास बहुत समय है। मुझे तो तरस ही आता है कि अपनी लाइफ या अपने समय के साथ कुछ बेहतर ही कर लें। मुझे उनकी परवरिश और परिवार के लिए दुख होता है।'

Highlights

1. Two theft suspects escape Odisha police station through washroom
2. Afzal Guru couldn't be hanged during Chidambaram's tenure: Shah
3. A distorted lie: Chidambaram on Shah's 'Afzal Guru' allegation
4. Rapper Vedan booked for raping doctor on false promise of marriage
5. 'Kahin chota samosa milta hai, kahin bada': MP Ravi Kishan in LS
6. West Bengal drafts rules on women's safety at workplaces

# Indian-origin Nikhil Ravishankar named new CEO of Air New Zealand

**NEW DEIHI, (Agency).** India-origin Nikhil Ravishankar is set to take over as the CEO of Air New Zealand from October this year after being associated with the carrier for nearly five years.

Incidentally, Air India CEO and MD Campbell Wilson is from New Zealand.

"Currently the airline's Chief Digital Officer, Nikhil will officially take over as CEO on 20 October 2025. In the nearly five years that Nikhil has been at Air New Zealand he has gained a deep understanding of the aviation sector, and the airline. He has also led major advances in the airline's technology backbone, loyalty programme and customer proposition," Air New Zealand said in a statement on July 30.

Ravishankar earlier held top roles at Vector and



Accenture

Prior to joining the airline, Ravishankar was Chief Digital Officer at Vector and Managing Director of Accenture.

"I'm both thrilled and humbled to be given this opportunity to lead Air New Zealand... airlines are complex, and safety underpins every decision we make," he said in the statement.

Air New Zealand offers more than 400 flights a day to 49 domestic and international destinations. It has a fleet of more than 100 planes, including Boeing 777s, 787s, Airbus 320s, ATRs and Q300s, as per its website.

Meanwhile, Air New Zealand and Air India, in March this year, announced that they will explore the introduction of a direct service between the two countries by the end of 2028, subject to new aircraft deliveries and approvals from relevant government regulators.

# RBI's rate cut hopes fade as Trump threatens India with 25% tariffs

**Ahmedabad, (Agency).** US President Donald Trump's surprise tariff announcement is set to weigh on the Reserve Bank of India's monetary policy decision next week even as a final word on the trade deal is awaited.

While most economists were not expecting a back-to-back cut in interest rates after June's unexpectedly large 50-basis-point reduction, Governor Sanjay Malhotra's recent comments had revived hopes of lower rates in the August 6 policy review. More so, as inflation fell to its lowest level in more than six years in June.




Rupee pressure and market reaction

However, a rate cut now would put additional pressure on the rupee, which has already weakened to a five-month low on Thursday following Trump's post on Truth Social. The currency fell as much as 0.4% to 87.7375 per dollar in early Mumbai trading, approaching its all-time low of 87.9563 in February. Equities also declined, with the NSE Nifty 50 Index falling as much as 0.9%.

With the US Federal Reserve holding interest rates steady — citing signs of a slowing economy — there is little incentive for emerging markets such as India to ease policy further.

Volatility in foreign exchange and interest rates will likely "feed into RBI's reaction function, partly constraining further near-term easing at a time when inflation dynamics have turned highly favorable," said Madhavi Arora, economist with Emkay Global Financial Services Ltd.

# भू-माफिया ने प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता आडवानी को कहे अपशब्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। खजराना में जमीन विवाद में बीजेपी नेताओं को अपशब्द कहने वाले भू-माफिया रहमत पटेल का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें वह प्रधानमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवानी को लेकर अपशब्द कहते हुए दिख रहा है। पिछले मामले



में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने रहमत जेल भेजा था। मामले में उसे दूसरे ही दिन जमानत मिल गई थी।

वायरल वीडियो में रहमत कुछ लोगों की शिकायत पुलिस से करने की बात करते हुए कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर रहा है। वह यह भी बता रहा है कि जो लोग उससे विवाद करने आए थे, वह उसके मवेशी लेकर चले गए। यह वीडियो कब का है इसकी जानकारी सामने नहीं आई। हालांकि जमानत के बाद वह अस्पताल में भर्ती हुआ था। पिछले वीडियो में रहमत ने बीजेपी नेताओं को अपशब्द करते हुए खुद को डी-कंपनी का आदमी बताया था। उसने दाउद से सीधे संबंध बताए थे। उसने समाज और धर्म को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की। इसके बाद हिंदूवादियों ने विरोध किया। गौतम टिक्कल की शिकायत पर 2 जुलाई को लसूड़िया पुलिस ने रहमत के खिलाफ केस दर्ज किया था और मानसिक बीमार बताते हुए अगले ही दिन उसे जमानत मिल गई थी। रहमत खजराना का रहने वाला है और तुलसीनगर में उसकी कृषि भूमि है।

# बुजुर्ग महिला को क्रेन ने रौंदा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एयरपोर्ट रोड पर एक क्रेन की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला पैदल सड़क पर जा रही थीं, तभी पीछे से आ रही क्रेन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने मौके पर ही क्रेन को रोक लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन को जब्त कर लिया है। महिला के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले हैं, इसलिए पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने साध्वी जैसे वस्त्र पहने हुए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। आसपास के क्षेत्र में उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। एरोड्रम पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार सुबह यादव मार्केट के सामने की है। कृष्णा सर्विस की क्रेन (नंबर MP09GJ1080) से यह हादसा हुआ। क्रेन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गईं और क्रेन का अगला पहिया उनके ऊपर चढ़ गया।

# वेटनरी डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना में रहने वाले एक वेटनरी डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बुधवार को क्लिनिक से वह घर पहुंचे ओर नहाने के बाद बाथरूम से बाहर आए तो घबराहट होने लगी। भाई अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रथम दृष्टया हार्टअटेक का मामला लगता है पर पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए एमवाय पहुंचा दिया और जांच शुरू कर दी है।**

खजराना पुलिस ने बताया कि राजेश(45) पुत्र रमेश कागे निवासी खजराना की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उनके भाई हरीश के मुताबिक राजेश वेटनरी डॉक्टर थे। बुधवार को



वह 3 बजे घर आए थे। नहाकर बाथरूम से बाहर निकले तो उन्हें घबराहट होने लगी। राजेश ने थोड़ी देर बैठने के बाद हरीश को बुलाया और वे एलआईजी चौराहा स्थित डीएनएस अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उन्हें एमवाय भेज दिया। राजेश के परिवार में उनके दो बेटे हैं जो पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं पत्नी गृहणी हैं। पुलिस के मुताबिक मामला हार्ट अटैक का हो सकता है पर कोई संदेह न रहे इसलिए शव का पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है। शार्ट पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# झाड़ियों में मिले मां-बेटे के शव, हत्या की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बाणगंगा इलाके में एक महिला और उसके डेढ़ साल के बच्चे का शव बुधवार शाम झाड़ियों में पड़ा मिला। गुरुवार को दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रारंभिक तौर पर हत्या की बात सामने आ रही है। इसे लेकर जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मामले में गुमशुदगी दर्ज कराने वाले व्यक्ति पर ही पुलिस ने शंका जाहिर की है। एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा के मुताबिक, बुधवार शाम को सूचना मिली थी कि रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में दो शव पड़े हैं। इनमें एक 25 साल की महिला का, वहीं दूसरा करीब डेढ़ साल के बच्चे का है। मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया। जांच के दौरान हत्या की बात सामने आई है।

# अनवर कादरी का सपोर्ट करने वालों पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। लव जिहाद के लिए फंडिंग के आरोपी इंदौर के कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी की गिरफ्तारी की खबर सोशल मीडिया पर आते ही 24 से अधिक महिलाएं तख्तियां लेकर सड़कों पर उतर आईं। इन महिलाओं ने कादरी के खिलाफ झूठा केस दर्ज करने का आरोप लगाया। पुलिस ने उन्हें समझाया पर वे प्रदर्शन करती रहीं। आखिर देर रात सदर बाजार पुलिस ने भीड़ इकट्ठा और बिना अनुमति प्रदर्शन करने को लेकर इन महिलाओं पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में केस दर्ज किया है।



सदर बाजार थाने के एसआई जयेंद्र दत्त शर्मा ने अफसरों के निर्देश पर हम्मू उर्फ हमीद पुत्र अब्दुल रहमान और सलमा बी सहित भीड़ में शामिल अन्य महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसआई ने बताया कि बुधवार को बड़वाली चौकी के पास हम्मू और सलमा के नेतृत्व में भीड़ इकट्ठा हुई। उन्होंने बाणगंगा में चल रहे लव जिहाद केस में गिरफ्तारी का विरोध करते हुए हाथ में तख्तियां लेकर हंगामा किया। पुलिस के मुताबिक हम्मू जिन महिलाओं को लेकर आई थी, उनके हाथों में पुलिस के खिलाफ तख्तियां थीं। भीड़ में कई स्कूली वाहन फंस गए। जिनमें बैठे बच्चों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ा। महिलाएं सभी आने-जाने वाले लोगों को रास्ते से नहीं निकलने को लेकर धमका रही थीं। उन्हें काफी देर तक समझाया गया। इसके बाद जाम खत्म हो पाया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक